रजिस्ट्री सं. डी (डी एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 113] नई दिल्ली, सोमवार, मई 21, 1990/वैशाख 31, 1912
No. 113] NEW DELHI, MONDAY, MAY 21, 1990/VAISAKHA 31, 1912

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 18 मई, 1990

सार्वजनिक सूचना संख्या 1—पी. आर.-एन. पी./90

का. सं. 601/4/90—एन. पी. 1:—अप्रैल, 1990, मार्च, 1993 के लिए आयात और निर्यात नीति के परिशिष्ट-5, भाग-ख के पैरा 6 के अनुसार भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय एतद्द्वारा अनुलग्नक में दिए अनुसार लाइसेंसिंग वर्ष अप्रैल, 1990—मार्च, 1991 के लिए अखबारी कागज आबंटन नीति अधिसूचित करती है।

आई. ए. खान, संयुक्त सचिव

परिशिष्ट

अखबारी कागज आबंटन नीति, 1990-91

1. लागू होना

यह नीति, ऐसे संशोधनों जो समय-समय पर अधिसूचित किए जा सकते हैं, के अधीन रहते हुए, लाइसेंसिंग वर्ष 1990-91 के दौरान अखबारी कागज के आबंटन पर लागू है जिस पर आयात और निर्यात (नियंत्रण), अधिनियम, 1947, आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 और अखबारी कागज नियंत्रण आदेश, 1962 (समय-समय पर यथा संशोधित) लागू है।

2. परिभाषा

2.1 इस नीति में समय-समय पर यथा संशोधित प्रैस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 में यथा परिभाषित "समाचारपत्र" का अर्थ ऐसी कोई भी मुद्रित नियतकालिक कृति होगा जिसमें सार्वजनिक समाचार या सार्वजनिक समाचारों पर टिप्पणियां छपती हैं।

2.2 इस नीति में प्रयुक्त शब्द "अखबारी कागज" में ऐसे पेपर भी शामिल हैं जो इस नीति के अन्तर्गत भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा आबंटित किए जाएंगे।

3. पात्रता

3.1 औपचारिक आवेदन प्रस्तुत करने पर भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा अखबारी कागज का आबंटन उन समाचारपत्रों को किया जाएगा जो समय-समय पर यथा संशोधित प्रैस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 संगत उपबन्धों के अनुसार भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय में पंजीकृत हैं। नया पंजीकृत समाचारपत्र अखबारी कागज के आबंटन के लिए आवेदन-पत्र प्राप्त होने की तारीख से पात्र होगा।

3.2 कोई समाचारपत्र अखबारी कागज के आबंटन के लिए तभी पात्र होगा जब दैनिक समाचारपत्र के मामले में उसकी नियमितता 90 प्रतिशत और अन्य आवधिकता के मामले में 66-2/3 प्रतिशत होगी सिवाय उन मामलों के जिनमें नियमितता की गिरावट प्रकाशक के नियंत्रण से बाहर के कारणों से अर्थात् हड़ताल, तालाबंदी, काम धीरे करना, बिजली की कमी या इसी प्रकार के कारणों से आई हो।

3.3 भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा अखबारी कागज का आबंटन निम्नलिखित के लिए भी प्राधिकृत किया जा सकता है :—

(1) समाचार एजेंसियों द्वारा टेलीप्रिंटरों पर समाचार का प्रेषण

(2) समाचारपत्रों द्वारा मुद्रण परीक्षण, और

(3) कालेजों और स्कूलों की पत्रिकाओं का मुद्रण।

3.4 प्रकाशनों को निम्नलिखित श्रेणियां, चाहे व भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में समाचारपत्रों के रूप में पंजीकृत हों, इस नीति के अन्तर्गत अखबारी कागज के आबंटन के लिए पात्र नहीं होंगी :—

(1) मुख्यतः वस्तुओं अथवा सेवाओं से बिक्री को बढ़ावा देने के लिए प्रकाशित पत्रिकाएं;

(2) उपक्रमों/फर्मों/औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा प्रकाशित की जाने वाली घरेलू पत्रिकाएं/मैगजीन,

(3) मूल्य सूचियां, सूचीपत्र निर्देशिकाएं तथा लाटरी समाचार,

(4) दौड़ गाइडें, और

(5) सेक्स मैगजीन।

4. हकदारी

4.1 किसी समाचारपत्र/आवधिक पत्रिका की लाइसेंसिंग वर्ष 1990-91 के लिए अखबारी कागज की मूल हकदारी का निर्धारण उसके पिछले वर्ष के दौरान अखबारी कागज की खपत, औसत वार्षिक प्रसार संख्या, औसत पृष्ठ संख्या, औसत प्रकाशन दिवसों की संख्या तथा प्रकाशित औसत पृष्ठक्षेत्र के आधार पर किया जाएगा। लाइसेंसिंग वर्ष की हकदारी सप्ताह में सातों दिन प्रकाशित किए जाने वाले समाचार-पत्र के मामले में 365 दिन तथा सप्ताह में 6 दिन निकाले जाने वाले समाचार-पत्र के मामले में 312 दिन के हिसाब से लगाई जाएगी। वर्ष 1989-90 के दौरान राइटिंग और प्रिंटिंग पेपर आदि पर की गई खपत हिसाब में तभी ली जाएगी जब कि वह भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा आबंटित अखबारी कागज की मात्रा से अधिक हो।

4.2 समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र के सभी संस्करणों को जिनका वही नाम हो वही आवधिकता हो, उसी भाषा में प्रकाशित होते हों और उनका स्वामी वही हो अथवा उसी जगह से या भिन्न-भिन्न जगहों से प्रकाशित हो, एक साथ मिला दिया जाएगा और उनकी श्रेणी तथा अखबारी कागज की हकदारी का हिसाब सभी संस्करणों को एक साथ मिलाकर निष्पादन विवरण के आधार पर लगाया जाएगा।

4.3 भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा जिस समाचारपत्र/आवधिक पत्र की प्रसार संख्या का दावा सिद्ध घोषित कर दिया गया है, वह अखबारी कागज के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक उसकी प्रसार संख्या उसी वर्ष में या अनुवर्ती वर्ष के लिए पुनः सिद्ध न हो जाए, चाहे समाचारपत्र के स्तर में किसी प्रकार का परिवर्तन ही क्यों न हुआ हो। उन समाचारपत्रों/आवधिक पत्रों के मामले में जिनकी प्रसार संख्या भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक ने पहले दावा की गई प्रसार संख्या से कम निर्धारित किया है उनकी हकदारी भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा निर्धारित प्रसार संख्या के आधार पर निकाली जाएगी। ऐसे समाचारपत्र आवधिक पत्र आंकी गई प्रसार संख्या के आधार पर अखबारी कागज पाते रहेंगे और लाइसेंसिंग अथवा बाद के वर्षों के दौरान परिशोधन के हकदार नहीं होंगे जब तक कि प्रसार का दावा पूरी तरह स्वीकार न कर लिया जाए। उस समाचारपत्र/आवधिक पत्र के मामले में जिसके बारे में यह पाया जाता है कि उसने अपने निष्पादन अथवा प्रसार संख्या का असत्य विवरण दिया है उसे विशिष्ट अवधि, जो एक वर्ष तक हो सकती है, के लिए नीचे दर्शाए गए तरीके से अखबारी कागज के आबंटन से वंचित किया जा सकेगा :—

अत्युक्ति	के लिए वंचित
(1) 10 प्रतिशत तक	छूट
(2) 10 प्रतिशत से अधिक एवं 25 प्रतिशत तक	तीन महीने
(3) 25 प्रतिशत से अधिक एवं 50 प्रतिशत तक	छः महीने
(4) 50 प्रतिशत से अधिक एवं 75 प्रतिशत तक	नौ महीने
(5) 75 प्रतिशत से अधिक	एक वर्ष

4.4. (क) नीति के पैरा 3.1 में निहित प्रावधानों के बावजूद जो नया आवेदक प्रथम बार प्रकाशन शुरू करता है या अन्यथा प्रथम बार भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक को अखबारी कागज के आबंटन के लिए आवेदन करता है उसको चार महीनों के लिए अखबारी कागज के उतने प्रारम्भिक कोटे की अनुमति दी जाएगी जितनी आवेदक द्वारा बताई गई प्रसार संख्या से संबंधित होने पर भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा निर्धारित किया जाए। किन्तु वह दैनिक समाचारपत्रों के मामले में आठ मानक पृष्ठों (2450 वर्ग सें.मी.) के प्रति अंक की 10,000 (दस हजार) प्रतियों और आवधिक पत्रों के मामले में 16 मानक पृष्ठों से अधिक नहीं होगा। अखबारी कागज का प्रारम्भिक कोटा प्राप्त करने वाले समाचारपत्र द्वारा अखबारी कागज जारी करने के तीन महीने के बाद एक पखवाड़े के अन्दर आवंटित अखबारी कागज के उचित प्रयोग का प्रमाण फार्म एन. पी. 11 में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि पहले पंजीकृत नहीं किया गया हो तो इसी बीच समय-समय पर संशोधित प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867 के अधीन पंजीकृत कर लिया जाए। उसके बाद प्रथम छः महीने के लिए उसकी हकदारी का निर्धारण वास्तविक निष्पादन के आधार पर किया जाएगा तथा बाकी कोटा यदि कोई हो, औपचारिक आवेदन-पत्र देने पर रिलीज किया जाएगा।

4.4. (ख) ऐसा समाचारपत्र जो गत वर्ष अखबारी कागज के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहा हो उसे नया आवेदक समझा जाएगा जब तक वह असफलता प्रकाशक के नियंत्रण से परे के कारणों से न हो। तथापि, अखबारी कागज आबंटन के लिए ये प्रावधान ऐसे समाचारपत्रों पर लागू नहीं होंगे जिनका आबंटन मिलाकर एक कर दिया है।

4.4 (ग) अखबारी कागज के आबंटन के लिए ऐसा समाचारपत्र नया आवेदक समझा जाएगा जिसने अपने समाचारपत्रों की आवधिकता में परिवर्तन किया हो।

4.4. (घ) नया आवेदक अपने आवेदन-पत्र को भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में प्राप्त होने की तिथि से अखबारी कागज प्राप्त करने का हकदार होगा।

4.5. समाचारपत्र की प्रसार संख्या का निर्धारण (क) बिक्री प्रतियों की संख्या और (ख) निःशुल्क वितरित प्रतियों की संख्या, जिन्हें लौटाई गई या मुद्रित किन्तु न तो बिक्री और न ही निःशुल्क वितरित की गई प्रतियों की संख्या को हिसाब में लेकर निम्नलिखित मानकों के आधार पर किया जाएगा :—

प्रसार संख्या (प्रति प्रकाशन दिवस बिक्री हुई प्रतियां)	—	जो भी कम है
25,000 प्रतियों तक		5 प्रतिशत या 1,000 प्रतियां

25,000 से अधिक और 75,000 प्रतियों 5 प्रतिशत या 2,500 प्रतियों तक।

75,000 प्रतियों से अधिक 5 प्रतिशत या 5,000 प्रतियों

4.6 मूल हकदारी निकालने में भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक, जैसा वे प्रत्येक मामले में उचित समझें, सामान्य औसत खपत पर विश्वास करके निम्नलिखित की उपेक्षा कर सकते हैं :—

(1) प्रसार संख्या में असाधारण अल्पकालिक गिरावट, जो विशेष परिस्थितियों, जिनमें हड़ताल/तालाबन्दी या इसी प्रकार के अन्य कारण शामिल हैं, से हुई हों, और

(2) प्रतियोगी समाचारपत्रों के बन्द होने/उनके कार्य में व्यवधान हो जाने या किन्हीं अन्य असाधारण परिस्थितियों से प्रसार संख्या में असाधारण वृद्धि।

4.7 यदि किसी समाचार-पत्र ने किसी भी पिछले वर्ष के दौरान अपने को आवंटित अखबारी कागज की किसी मात्रा का उपयोग नहीं किया है, तो अप्रयुक्त मात्रा को उसकी 1990-91 की हकदारी में से काट लिया जाएगा।

4.8 समाचारपत्रों को छीजन की क्षतिपूर्ति के रूप में निम्नलिखित सीमा तक अतिरिक्त अखबारी कागज दिया जाएगा :—

सभी समाचारपत्रों के लिए	7 प्रतिशत
बहुरंगी मुद्रण वाली पत्रिकाएं	1 प्रतिशत अतिरिक्त
सिली हुई पत्रिकाएं (काट-छांट के लिए)।	3 प्रतिशत अतिरिक्त

4.9 छीजन की क्षतिपूर्ति को मिलाकर आयातित अखबारी कागज और स्वदेशी कागज के लिए समाचारपत्रों की मूल वार्षिक हकदारी 1990-91 के लिए 50 ग्राम प्रति वर्ग मीटर के आधार पर निकाली जाएगी। अखबारी कागज ग्रामों के अनुरूप अनुपातिक समायोजन के बाद ही सही रूप से जारी किया जाएगा।

5. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया

5.1 अखबारी कागज के आवंटन के लिए आवेदन नियमित समाचारपत्र के प्रकाशक द्वारा या इस निमित्त उसके द्वारा विधिवत् प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा फार्म एन. पी.-I और एन.पी.-II में दिए जाने चाहिएं और वे भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक, पश्चिमी खण्ड-8, स्कीम-2, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली को सम्बोधित किए जाने चाहिएं।

5.2 किसी नियमित समाचारपत्र द्वारा जितने 1989-90 में मूल हकदारी प्राप्त की हो, अखबारी कागज के आवंटन के लिए आवेदन फार्म एन-पी.-I में किया जाए जिसके साथ (क) फार्म एन. पी.-II में 1-4-89 से 31-3-90 तक पिछले वर्ष का निष्पादन विवरण प्रमाचार-पत्र, (ख) कैलेण्डर वर्ष 1989 में वार्षिक विवरण की एक प्रति जो सब तरह से पूर्ण हो तथा (ग) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा अपेक्षित समाचारपत्र के अंकों की नमूना प्रति भेजी जाए। जिस समाचार-पत्र की औसत प्रसार संख्या प्रति प्रकाशन दिवस 2,000 प्रतियों से अधिक है, उसका निष्पादन विवरण प्रमाणपत्र चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित होना चाहिए।

5.3 प्रारम्भिक कोटे के लिए आवेदन-पत्र समाचार-पत्रों द्वारा पैरा 4.4 (क) द्वारा फार्म एन. पी.-III में दिया जाना चाहिए।

6. अन्तिम तारीख

6.1 भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में वर्ष 1990-91 के लिए अखबारी कागज के आवंटन के लिए आवेदन-पत्रों के प्राप्त होने की अन्तिम तारीख 30 जून, 1990 है।

6.2 इसके बाद प्राप्त होने वाले सभी आवेदन-पत्र अस्वीकृत किए जा सकते हैं। तथापि, आवेदक द्वारा वैध कारण दिए जाने पर और देरी आवेदक के कारण न होने पर भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक गुणावगुण के आधार पर आवेदन पर विचार कर सकते हैं। ऐसे मामलों में अखबारी कागज भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक के कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की तारीख से दिया जाएगा।

7. अखबारी कागज का आबंटन

7.1 अखबारी कागज का आबंटन साधारणतया रीलों में किया जाएगा। तथापि, शीट फैड मशीन पर मुद्रित होने वाले समाचारपत्र अपनी हकदारी शीटों में प्राप्त करेंगे, बशर्ते कि शीटें उपलब्ध हों।

7.2 200 मीट्रिक टन या उससे कम की मूल वार्षिक हकदारी वाले समाचारपत्रों को स्वदेशी या आधातित स्टैण्डर्ड अखबारी कागज को पूरा या आंशिक रूप में उठाने का विकल्प होगा।

7.3 जिस समाचार-पत्र की हकदारी 200 मीट्रिक टन से अधिक है उसके लिए अखबारी कागज का आबंटन निम्नानुसार होगा:—

आयातित	35 प्रतिशत
मसूरपपर मिल्स लि.	19 प्रतिशत
हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट मिल्स लि. (केरल)	19 प्रतिशत
नेपा लि.	17 प्रतिशत
तमिलनाडु न्यूजप्रिंट एण्ड पेपर्स लि.	10 प्रतिशत

उपरोक्त प्रतिशतता सांकेतिक है। आयातित, स्टैंडर्ड तथा ग्लेज्ड दोनों अखबारी कागज तभी दिया जाएगा बशर्ते कि विदेशी मुद्रा उपलब्ध हो।

7.4 आयातित अखबारी कागज का 25 प्रतिशत राज्य व्यापार निगम के बफर स्टाक से उठाया जाना चाहिए। जिन समाचारपत्रों/आवधिकों की वार्षिक हकदारी 50 मीट्रिक टन या उससे कम है उनको पूरी मात्रा या आंशिक मात्रा बफर स्टाक से उठाने का विकल्प होगा।

7.5 केवल उन नियमित आवधिक पत्रों को जिन्हें बहुरंगी मुद्रण की आवश्यकता हो, ग्लेज्ड अखबारी कागज और/या सुपर कैलेंडर क्रीम वोव पेपर आबंटित किया जा सकता है, बशर्ते कि विदेशी मुद्रा उपलब्ध हो। नए आवेदनों पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा।

7.6 उस नये आवेदक को जो पहली बार प्रकाशन आरम्भ कर रहा है, अथवा भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के पास पहली बार अखबारी कागज के लिए आवेदन करता है, उसकी इस नीति के पैरा 4.4 (क) में निर्धारित सीमा के अन्तर्गत अखबारी कागज का प्रारम्भिक कोटा पहले छः मास के लिए दिया जाएगा। इस प्रारम्भिक कोटे में अधिकतम 5 मीट्रिक टन आयातित अखबारी कागज होगा और शेष स्वदेशी अखबारी कागज से दिया जाएगा। आगे की हकदारी तभी दी जाएगी जब इस बात का प्रमाण दे दिया जाएगा कि आयातित और स्वदेशी अखबारी कागज का जारी किया गया कोटा संबंधित समाचारपत्र द्वारा वास्तव में उठा लिया गया है तथा उसकी खपत हो गई है।

7.7 ऐसे कारणों से यथा अखबारी कागज की उपलब्धता, बफर स्टाक के अनुरक्षण या अन्य किसी कारण से विभिन्न स्रोतों से आबंटन में संशोधन/परिवर्तन किया जा सकता है।

7.8 यदि राज्य व्यापार निगम को "लेटर्स ऑफ क्रेडिट" के प्राप्त होने के 120 दिन के भीतर हाई सी सेल आधार पर आबंटित मात्रा का पोत लदान कार्यान्वित नहीं हो जाता है तो अनुपातिक मात्रा को हाई सी सेल के आधार पर बफर स्टाक से आबंटित करने का प्रयत्न किया जाएगा जिसकी बाद में प्रतिपूर्ति की जाएगी।

8. वितरण

8.1 आयातित अखबारी कागज का वितरण संबंधी कार्य पूर्णतया राज्य व्यापार निगम द्वारा उस प्रकार से किया जाएगा, जिस प्रकार इस नीति के अनुसार तथा अखबारी कागज नियंत्रण आदेश, 1962 के उपबन्धों के अनुपालन में भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा ।

8.2 जिस समाचारपत्र को हाई सी सेल के आधार पर न्यूजप्रिंट आवंटित किया जाता है उसे सीधे या अपने विधिवत् प्राधिकृत एजेंट/एजेंटों की मार्फत डिलीवरी लेने की अनुमति होगी ।

8.3 औपचारिक आवेदन के साथ पिछले प्राधिकार पत्र के अनुसार आवंटित अखबारी कागज को उठाए जाने के प्रमाण-पत्र की प्राप्ति पर भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक अखबारी कागज देने का प्राधिकार पत्र तिमाही आधार पर जारी करेंगे । स्वदेशी अखबारी कागज की हकदारी के लिए प्राधिकार पत्र सीधे संबंधित मिलों को जारी किए जाएंगे । यदि किसी समाचारपत्र की वार्षिक हकदारी 50 मीट्रिक टन या इससे कम है तो भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक अपने विवेक से इस प्रकार के समाचार-पत्रों को वार्षिक आधार पर या जैसा भी अन्यथा उपयुक्त समझा जाए, अखबारी कागज का आवंटन कर सकते हैं । नये आवेदकों के अतिरिक्त, 200 मीट्रिक टन तक की हकदारी वाले अन्य समाचारपत्रों के मामले में यह आवंटन छमाही आधार पर होगा ।

8.4 समाचारपत्र को अपना आवंटन हाई सी सेल अथवा वफर स्टाक अथवा स्वदेशी मिलों से प्राधिकार पत्र के जारी होने की तारीख से 3 माह के भीतर उठाना होगा । जहां कहीं भी लागू हो समाचारपत्रों के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले स्वदेशी माल्रा उठाएं । अनुवर्ती तिमाहियों के लिए आवंटन पिछली तिमाही (यों) के दौरान उठाए गए अखबारी कागज के आधार पर किया जाएगा और निर्धारित स्वदेशी अख-बारी कागज मिलों में से नहीं उठाई गई माल्रा के अनुपात में आयातित अखबारी कागज रोक लिया जाएगा । लाइसेंसिंग वर्ष के अन्त में स्वदेशी कागज को न उठाने के कारण आयातित अखबारी कागज को जितनी भी माल्रा रोकी गई हो, वह स्वदेशी कागज की न उठाई गई माल्रा सहित मिलने से वंचित हो जाएगी ।

8.5 प्रत्येक मामले में गुणावगुण के आधार पर विचार करते हुए भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा प्राधिकार के पुनर्संशोधन की अनुमति लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान दी जाएगी ।

8.6 यदि यह पाया जाए कि किसी समाचारपत्र ने उस स्वदेशी अखबारी कागज जो उसे आवंटित है, के उठाने के बारे में झूठा प्रमाण-पत्र दिया है तो उसे निर्दिष्ट अवधि, जो एक वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है, के लिए अखबारी कागज के आवंटन से वंचित किया जा सकता है ।

9. अखबारी कागज का अप्राधिकृत प्रयोग

यद्यपि संबंधित समाचारपत्र का स्वामित्व वही हो या उनको अपनी अपनी हकदारी इकट्ठे लेने की अनुमति दी गई हो तो भी कोई समाचार-पत्र अखबारी कागज न तो हस्तांतरित कर सकता है और न ही दूसरे समाचारपत्र से प्राप्त कर सकता है । तथापि, भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक अपने विवेक से अखबारी कागज को अधिक से अधिक तीन महीने की अवधि के लिए एक समाचारपत्र से दूसरे समाचारपत्रों को उधार के तौर पर हस्तांतरित करने की अनुमति दे सकते हैं बशर्ते कि हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरी भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक को ऐसे मामले की सूचना 30 दिन के अन्दर भेज दें । कोई भी समाचार पत्र जो ऐसे अप्राधिकृत कार्य में लगा हो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है जिसके अन्तर्गत उसकी हकदारी के बराबर की मात्रा में से पूरी या आंशिक कटौती की जा सकती है ।

10. खपत के संबंध में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना

10.1 जिस समाचारपत्र को अखबारी कागज का आवंटन किया जाता है वह भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक को फार्म एन.पी.-II में वर्ष 1990-91 का निष्पादन ब्यौरा प्रमाण-पत्र 30 जून, 1991 तक प्रस्तुत करेगा । यदि प्रसार संख्या 2,000 प्रतियां प्रति प्रकाशन दिवस से अधिक हो तो वह चार्टर्ड एकाउंटेंट से विधिवत् प्रमाणित होना चाहिए।

10.2 जिस समाचारपत्र का प्रकाशन निलम्बित या बन्द हो जाता है वह प्रकाशन निलम्बन/बन्द होने से एक महीने के भीतर फार्म एन. पी.-II में निष्पादन ब्यौरा प्रमाण-पत्र भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक को प्रस्तुत करेगा । वह अप्रयुक्त अखबारी कागज भी भारत के समाचार-पत्रों के पंजीयक के निर्देशों के अनुसार वापस करेगा ।

11. वृद्धि दर और संशोधन

11.1 लाइसेंसिंग वर्ष के लिए अखबारी कागज की समस्त मांग का निर्धारण करते समय नए आवेदकों की आवश्यकताओं और लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान प्रसार संख्या की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए 7 प्रतिशत की वृद्धि का प्रावधान किया जाएगा ।

11.2 जिस समाचारपत्र को वर्ष 1990-91 के लिए मूल हकदारी प्राप्त हो गई हो वह इसके प्रसार और पृष्ठों में बढ़ोतरी के आधार पर अधिक आवंटन के पुनर्विचार के लिए वर्ष में एक बार आवेदन कर सकते है बशर्ते कि ऐसे आवेदन के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत् प्रमाणित निष्पादन प्रमाण फार्म एन.पी.-II में भेजा गया हो (जहां प्रसार 2,000 प्रतियों से अधिक हो) और जो 30 नवम्बर, 1990 को 8 महीने से कम अवधि का न हो । ऐसे आवेदन-पत्र भिन्न-भिन्न तारीखों के अंकों की नमूना प्रतियों सहित भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय में 31 दिसम्बर, 1990 तक पहुंच जाने चाहिए ।

11.3 लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान हकदारी के संशोधन के कारण उत्पन्न हुई स्टैंडर्ड अखबारी कागज की अतिरिक्त आवश्यकता निर्धारित स्वदेशी अखबारी कागज मिलों से पूरी की जाएगी । जहां तक ग्लेज्ड अखबारी कागज का प्रश्न है ऐसी अतिरिक्त आवश्यकता भी संबंधित आवधिकों की अपेक्षानुसार स्वदेशी मिलों द्वारा उत्पादित किसी भी किस्म के कागज द्वारा अथवा उपलब्ध होने पर आयातित ग्लेज्ड अखबारी कागज द्वारा पूरी की जाएगी ।

12. अपवाद

इस नीति में किसी बात के होते हुए भी भारत सरकार का सूचना और प्रसारण मंत्रालय समुचित और पर्याप्त कारणों से किसी भी अपेक्षा को छोड़ सकता है या इन में से किसी भी उपबन्ध में ढील दे सकता है ।

13. फार्म

फार्म एन.पी.-I, एन.पी-II तथा एन.पी. III के नमूने संलग्न हैं ।

फार्म—एन. पी.—1

अखबारी कागज के आवंटन के लिए समाचारपत्रों/नियतकालिक पत्रों के लिए आवेदन फार्म

भाग -1

1. समाचारपत्र/आवधिक का नाम तथा भाषा और आवधिकता :

2. स्वामी का नाम और पता :

3. प्रकाशक का नाम और पता :

4. प्रकाशन का स्थान/पता :

5. मुद्रण का स्थान :

(क) मुद्रणालय का नाम और पता :

6. (क) दिनांक जब से समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र नियमित रूप में प्रकाशित हो रहा है :

(ख) भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक द्वारा दी गई पंजीकरण संख्या :

(ग) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के यहां नवीनतम घोषणापत्र का प्रमाणीकरण किए जाने की तारीख :

7. संबंधित संस्था का स्वरूप अर्थात् सार्वजनिक/निजी स्वामित्व आदि तथा निदेशकों/भागीदारों आदि का नाम :

8. अन्य समाचारपत्रों/आवधिकों के नाम तथा अन्य विवरण जिसके आप स्वामी है :

समाचार पत्र का नाम	भाषा तथा नियतकालिकता	प्रकाशन का स्थान	क्या सरकार द्वारा अखबारी कागज मिलता है
1	2	3	4

9. वर्ष 1990-91 के लिए अपेक्षित अखबारी कागज की मात्रा/मूल्य :

10. (क) क्रमबद्ध वितरण आवश्यकताएं :

(ख) प्राधिकृत एजेंट का नाम/पता यदि कोई हो :

11. वर्ष 1989-90 के दौरान खपत किया गया अखबारी कागज का ब्यौरा :

मैटीरियल	मात्रा मी. टनों में	किस्म (स्टैंडर्ड/ग्लेज्ड/स्वदेशी)	स्रोत	मूल्य
1	3	3	4	5
(क) अखबारी कागज (आर. एन. आई. द्वारा आवंटित)				
(ख) अखबारी कागज (आर. ई. पी. लाइसेंस में आयातित)				
(ग) अखबारी कागज (रद्द किया हुआ)				
(घ) डब्ल्यू. पी. पी.				

12. पिछला लाइसेंसिंग वर्ष जिसमें भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक के कार्यालय से अखबारी कागज लिया गया था (आयातित तथा स्वदेशी अखबारी कागज की मात्रा का उल्लेख कीजिए) ।

13. (क) मुद्रण मशीन की किस्म

(ख) अखबारी कागज रीलों में या शीटों में चाहिए .

(ग) अपेक्षित रीलों/शीटों का आकार .

घोषणा पत्र

1. मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करता हूं/करते हैं कि मेरी/हमारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य और सही हैं । मैं/हम यह भली भांति समझता हूं/समझते हैं कि मुझे/हमें जो भी आवंटन प्रस्तुत विवरण के आधार पर दिया जाएगा, यदि यह सिद्ध हो जाता है कि दिए गए विवरण गलत या असत्य हैं, वह किसी अन्य जुर्माने के अलावा, जो सरकार लगा सकती है अथवा अन्य कोई कार्यवाही, जो की जा सकती है मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रख कर रद्द करने योग्य है ।

2. मैं/हम यह भी घोषणा करता हूं/करते हैं कि अगर अखबारी कागज का आवंटन किया जाता है तो यह केवल हमारे ऊपर दिए गए पते के प्रैस अहाता/संस्थान में प्रयुक्त होगा ।

3. मैं/हम यह भी अच्छी तरह समझता हूं/समझते हैं कि सारणीबद्ध की गई मद/मदों का आवंटन सारणीबद्ध एजेंसी के जरिए आयात नियंत्रण विनियम के अंतर्गत किया जाता है और जिन शर्तों पर माल की निकासी उपयोग के लिए दी जाती है एसी वस्तुओं के किसी दुरुपयोग करने के उल्लंघन पर आयात तथा नियंत्रण अधिनियम, 1947 यथा संशोधित तथा उसके अन्तर्गत निर्गम आदेशों की व्यवस्थाओं की ओर आकृष्ट होगा ।

4. मैंने/हमने आयात नियति प्रक्रिया 1990-91 की आयात नीति हस्तपुस्तिका के प्रासंगिक उपबंधों को नोट कर लिया है

स्थान :

तारीख .

प्रकाशक के हस्ताक्षर ----------

नाम स्पष्ट अक्षरों में ----------

पता .----------

भाग-2

आयकर घोषणा 1989-90

(क) उन व्यक्तियों के संबंध में जिनकी आय कर योग्य नहीं है ।

मैं/हम एतद्द्वारा सत्य निष्ठा से घोषणा करता हूं/करते हैं, कि मैं/हम किसी भी आयकर एवं अधिम कर के उत्तरदायी नहीं हूं/हैं क्योंकि मेरी/हमारी आय चालू लेखा वर्ष एवं गत चार वर्षों में उस उच्चतम सीमा से कम रही है जिस पर आयकर नहीं लगता ।

(ख) उन व्यक्तियों के संबंध में जिनकी आय आयकर योग्य है ।

(1) मैंने/हमने अपनी आज तक की आय से अपनी हमारी देय राशि का ब्यौरा/ब्यौरे आयकर विभाग को दे दिया है ।

(2) मैंने/हमने उन्हें कर मांगों को छोड़कर जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वयं कर लिए गए हैं, के अतिरिक्त शेष सभी करों सहित अग्रिम कर जो हम पर आयकर अधिनियम के अन्तर्गत देय थे, उनका भुगतान कर दिया है ।

(3) मैं/हम आयकर/सम्पत्ति कर छिपाने के आरोप में गत तीन कलैण्डर वर्षों के दौरान दण्डित* सिद्ध/दोषी घोषित नहीं किया गया/किए गए हैं । मैं/हम एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से घोषणा करता हूं/करते हैं कि उपरोक्त घोषणा उन कंपनियों जिनमें मेरे/हमारे प्रचुर हित** निहित है/या उन व्यक्तियों की फर्मों/एसोसिएशन जिसका मैं/हम क्रमशः भागीदार या सदस्य हूं/हैं, में भी लागू होते हैं ।

या

उपरोक्त घोषणा उन व्यक्तियों के लिए भी लागू होती है जो कि आवेदक कंपनी में या आवेदक/एसोसिएशन के सदस्यों या आवेदक फर्म के भागीदारों में प्रचुर हित** रखते हैं ।

स्थान .

तारीख .

स्वामी के हस्ताक्षर ----------

पता----------

स्थाई खाता नं. ----------

निर्धारण करने वाले आयकर अधिकारी का पद----------

निर्धारण योग्य----------

*यदि दण्ड लगाए जाने के विरुद्ध अपील दायर की गई हो और वह अपील आयकर अपील प्राधिकरण के सहायक अपील आयुक्त के समक्ष लंबित हो तो इस घोषणा के प्रयोजन के लिए ऐसे दण्ड को लिए जाने की आवश्यकता नहीं है ।

**"प्रचुर हित" शब्दों का अभिप्राय वही होगा जो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 40ए (2) में दिया गया है ।

फार्म एन.पी.-2

1-4-1989 से 31-3-1990 तक की अवधि के लिए प्रसार आदि संबंधी विस्तारित विवरण प्रमाण-पत्र का फार्म

1. समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का नाम :
2. प्रकाशन का स्थान
3. मुद्रण का स्थान :
4. भाषा :
5. आवधिकता (पीरियोडिसिटी)
6. आर.एन. आई. द्वारा प्रसार का निर्धारण
   (क) निर्धारण वर्ष :
   (ख) वार्षिक प्रसार :
   (ग) निर्धारित प्रसार :
   (घ) निर्धारण तारीख :

   (इस संबंध में कृपया आर.एन.आई. द्वारा जारी किए गए निर्धारित पत्र की एक प्रति संलग्न करें ।)

7. महीने के दौरान

अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसंबर	जनवरी	फरवरी	मार्च	वर्ष का	1989-90 औसत
89	89	89	89	89	89	89	89	89	90	90	90		

1. वास्तविक प्रकाशन दिवसों की संख्या :
2. प्रति प्रकाशन दिवस प्रकाशित प्रतियों की औसत संख्या :
3. प्रति प्रकाशन दिवस बेची गई प्रतियों की औसत संख्या :
4. प्रति प्रकाशन दिवस मुफ्त वितरित (मानार्थ वाउचर, विनिमय, बोनस, नमूना एवं कार्यालय प्रतियों सहित) की गई प्रतियों की औसत संख्या :
5. बिना बिक्री वापिस की गई और अन्य मुद्रित प्रतियों की औसत संख्या जो (2) और (4) में शामिल नहीं की गई ।
6. प्रकाशित समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का औसत आकार (वर्ग से.मी. में)
7. प्रति अंक पृष्ठों की औसत संख्या :
8. इति प्रकाशित दिवस प्रकाशित पृष्ठों की औसत संख्या .
9. वर्ष के दौरान अखबारी कागज की कुल खपत (टनों में)
   (क) आयातित
   (ख) स्वदेशी
10. वर्ष 1989-90 के दौरान सफेद प्रिंटिंग कागज की कुल खपत (टनों में)
11. आयात संवर्धन (आर. ई.पी. लाइसेंस) योजना के अंतर्गत हासिल की गई अखबारी कागज की खपत और 1989-90 के दौरान की गई खपत ।

प्रकाशक के हस्ताक्षर ----------

स्पष्ट अक्षरों में नाम----------

दिनांक----------

सनदी लेखापाल का प्रमाणपत्र

मैंने /हमने वर्ष 1989-90 के दौरान प्रकाशित समाचारपत्र ----------(पत्र का नाम, भाषा, और आवधिकता) के पुस्तकों और लेखा की जांच कर ली है और मैंने/हमने अपेक्षित सभी जानकारी और विवरण प्राप्त कर लिया है । मेरे/हमारे विचार से वर्ष 1989-90 के लिए दिया गया उपरोक्त विवरण मेरी/हमारी जानकारी एवं लेखा पुस्तकों के अनुसार प्रदत्त विवरण में प्रसार संख्या, पृष्ठ संख्या, आकार और प्रकाशन दिवसों की संख्या का सत्य एवं सही विश्लेषण करता है ।

तारीख----------

सनदी लेखापाल की मोहर

हस्ताक्षर ----------

----

1. उस व्यक्ति की संख्या एवं नाम जिसने प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं ।
2. पंजीकरण संख्या. ----------
3. पता ----------

नोट : 1 यदि वर्ष के लिए औसत प्रसार संख्या, 2,000 प्रतियां प्रति प्रकाशन दिवस से अधिक हों तो प्रमाणपत्र सनदी लेखापाल के शीर्ष पत्र (लैटरहैड) पर टाइप होना चाहिए और उसके द्वारा विधिवत् प्रति हस्ताक्षरित होने चाहिएं तथा उनकी मोहर होनी चाहिए ।

2. सभी कॉलमों में महीनेवार संबंधित मास के दौरान निष्पादन के ब्यौरे के आधार पर दी जाएं।

3. (7) में दिए जाने वाले आंकड़े मास के दौरान प्रकाशित सभी अंकों के कुल पृष्ठों के जोड़ को उस मास के कुल प्रकाशन दिवसों की संख्या से भाग करके प्राप्त किए जा सकते हैं जबकि (8) में दिए जाने वाले आंकड़ों का हिसाब इस प्रकार होगा :—

एक अंक के पृष्ठों की संख्या उसके अंक के कुल प्रकाशित प्रतियों की संख्या से गुणा करने से तत्संबंधी प्रकाशन दिवस की कुल प्रकाशित पृष्ठों की संख्या निकल आएगी। महीने के सभी प्रकाशन दिवसों के कुल प्रकाशित पृष्ठों की संख्या को जोड़ लेना चाहिए। मासिक औसत संख्या प्राप्त करने के लिए इस कुल संख्या को उस मास के कुल प्रकाशन दिवसों की कुल संख्या से भाग किया जाना चाहिए।

4. अधूरा आवेदन पत्र स्वीकार किया नहीं जाएगा।

फार्म एन.पी.-3

प्रथम बार आवेदन करने वाले दैनिक/नियतकालिक पत्रों को अखबारी कागज के आबंटन के लिए आवेदन फार्म।

1. समाचारपत्र/नियतकालिक पत्र का विवरण :

   (क) समाचारपत्र/आवधिक का नाम :

   (ख) भाषा :

   (ग) आवधिकता :

   (घ) प्रकाशन का स्थान तथा पता :

   (ङ) पंजीयन संख्या :

2. नवीनतम घोषणापत्र के प्रमाणीकरण की तारीख

3. अगर प्रकाशित हो रहा हो तो प्रकाशन के आरम्भ करने की तारीख :

4. मुद्रण हेतु प्रस्तावित प्रतियों की औसत संख्या :

   (क) बिक्री की गई :

   (ख) मुफ्त वितरित की गई :

      (क) मुद्रण का स्थान :

      (ख) मुद्रणालय का नाम और पता

      (ग) मुद्रणालय के मालिक का विवरण
         नाम :
         पता :

      (घ) छपाई की क्षमता :

      (च) बनावट, माडल प्रति घंटा गति तथा मशीन की वर्तमान आयु का उल्लेख करते हुए छपाई/कम्पोजिंग मशीन का विस्तृत विवरण

6. क्या अखबारी कागज एजेंट द्वारा उठाया जाएगा :

7. यदि हां, तो एजेंट का विवरण लिखिए :

   (क) नाम :

   (ख) पता :

   (ग) क्या उनका नाम आर.एन.आई. की सूची में है :

8. अपेक्षित अखबारी कागज की मात्रा, माप तथा किस्म :

9. अखबारी कागज को किस्तों में अथवा एक ही बार में बफर स्टाक/हाई सी सेल से उठाने की अवधि :

10. स्वामी का नाम और पता :

11. प्रकाशक का नाम और पता :

घोषणा

मैं/हम इस बात की घोषणा करता हूं/करते हैं कि उपरोक्त विवरण मेरे/हमारे विश्वास और जानकारी के अनुसार सत्य और ठीक हैं।

स्थान : प्रकाशक/स्वामी के हस्ताक्षर ------------

तारीख : नाम स्पष्ट अक्षरों में------------------

पता ------------------

MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 18th May, 1990

PUBLIC NOTICE NO. 1-PR-NP|90

File No. 601|4|90-NP.I.—In terms of para 6 of Appendix 5-Part B to the Import and Export Policy for April 1990—March 1993 the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting hereby notify the Newsprint Allocation Policy for the licensing year April 1990—March 1991 as given in the Annexure.

I. A. KHAN, Jt. Secy.

ANNEXURE

NEWSPRINT ALLOCATION POLICY 1990-91

1. Applicability

This policy is applicable to the allocation of newsprint to which the Import and Export (Control) Act, 1947, Imports (Control) Order, 1955 and Newsprint Control Order, 1962 as amended from time to time apply during the licencing year 1990-91 subject to such modifications as may be notified from time to time.

2 Definition

2.1 In this Policy a "newspaper" shall mean any printed periodical work containing public news or comments on public news as defined in the Press and Registration of Books Act 1867, as amended from time to time.

2.2 The expression "Newsprint" used in this Policy includes such paper as may be allocated by the RNI in terms of this Policy.

3. Eligibility

3.1 Newsprint shall be allocated by the Registrar of Newspapers or India on submission of a formal application, to such newspapers as are registered with the Registrar of Newsapers for India in accordance with the relevant provisions of the Press and Registration of Books Act, 1867, as amended from time to time. A newly registered newspaper shall be eligible for allocation of newsprint from the date of receipt of the application.

3.2 A newspaper shall be eligible for allocation of newsprint if it has a regularity of 90 per cent in case it is a daily newspaper and 66-2|3 per cent in case it has any other periodicity, save in such cases where the shortfall in regularity has arisen because of reasons beyond the control of the published viz., strikes, lock-outs, go-slow, power shortage or similar causes.

3.3 Allocation of newsprint may also be authorised by the Registrar of Newspapers for India for the following :

(i) Transmission of news over teleprinters by news agencies;

